मैया मैं तो ना आई तेरी अदा मुझे ले आई

मैया मैं तो ना आई तेरी अदा मुझे ले आई.....

टीका तो मेरे ससुरे ने गढ़ाया,
वो टीका मां के माथे पे सजाया,
सासुर बैरन ने मोहे घर से बाहर निकाला,
मैया मैं तो ना आई......

हरवा तो मेरे जेठा ने गढ़ाया,
वो हरवा मां के गले में सजाया,
जिठनी बैरन ने मोहे घर से बाहर निकाला,
मैया मैं तो ना आई.....

कंगन तो मेरे देवर ने गढ़वाये,
वह कंगन मां के हाथों में सजाए,
देवरानी बैरन ने मोहे घर से बाहर निकाला,
मैया मैं तो ना आई......

पायल तो मेरे ननदोई ने गढ़वाई,
वह पायल मां के पैरों में सजाई,
ननदुल बैरन ने मोहे घर से बाहर निकाला,
मैया मैं तो ना आई.....

चुंदर तो मेरे राजा ने मंगाई,
वो चुंद्र मां के सर पर उड़ाई,
शॉकन बैरन ने मोहे घर से बाहर निकाला,
मैया मैं तो ना आई तेरी अदा मुझे ले आई......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26929/title/mayia-main-to-na-aayi-teri-ada-mujhe-le-aayi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |